हरिभूमि
विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 6 अगस्त 2026
गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 नेशनल लोक अदालत की तैयारियों को लेकर...



07 गोदाम पर चक्काजाम के बाद एसडीएम कार्यालय...



खबर संक्षेप

राकेश कटारे किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष बने

गुलाबगंज। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष पद



पर राकेश कटारे की नियुक्ति के बाद गुलाबगंज में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। मुख्य बाजार में पटाखे फोड़े गए, मिठाइयां बांटी गईं और एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया गया। कार्यकर्ताओं ने कटारे को बधाई देते हुए उनकी संगठनात्मक क्षमता और किसानों के हित में किए गए कार्यों की सराहना की। राकेश कटारे ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा से किसानों के हितों की रक्षा, संगठन को मजबूत बनाने और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए कार्य करेंगे।

नीतू सिंह राजपूत बनीं महिला कांग्रेस अध्यक्ष

विदिशा। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका



लांबा की स्वीकृति एवं मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया की अनुशंसा पर जारी पहली सूची में नीतू सिंह राजपूत को विदिशा जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संगठन विस्तार अभियान के तहत हुई इस नियुक्ति का कांग्रेस कार्यकर्ताओं और महिला कांग्रेस पदाधिकारियों ने स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी।

संदीपनि विद्यालय के छात्र ट्रैक्टर-ट्रॉली से स्कूल जाने को मजबूर



विदिशा। जिले के नटेरन स्थित संदीपनि विद्यालय में परिवहन व्यवस्था की कमी के कारण कई छात्र ट्रैक्टर-ट्रॉली से स्कूल आने-जाने को मजबूर हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के मेधावी छात्रों के लिए शुरू की गई योजना संसाधनों के अभाव से प्रभावित हो रही है। अभिभावकों ने नियमित स्कूल बसें चलाने की मांग करते हुए बच्चों की सुरक्षा पर चिंता जताई है। शिक्षा विभाग ने स्वीकार किया कि छात्रों की संख्या बढ़ने से उपलब्ध वाहन पर्याप्त नहीं हैं। विदिशा, नटेरन, बासौदा और लटेरी में समस्या अधिक है तथा अतिरिक्त बसों की मांग का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

चुनाव: पहली बार महिला प्रत्याशी ने दाखिल किया नामांकन, मतदान 16 को

हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष बनने 6 लोगों के जमा किए नामांकन, नाम वापसी 7 को

16 अगस्त को सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव होना है। बुधवार को 6 लोगों ने नामांकन जमा कर अपनी दावेदारी पेश की। जिनमें एक महिला भी शामिल हैं। वर्ष 2014 में बनी सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति में यह पहला अवसर है जब किसी महिला उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल किया। आज नामांकन पत्रों की जांच होगी। दोपहर में दावा आपत्ति प्रस्तुत किए जाएंगे।

2014 में बनी समिति, अब तक पांच रह चुके अध्यक्ष।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष पद के निर्वाचन के लिए बुधवार को नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई। शाम 4 बजे तक कुल 6 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन फार्म जमा किए।

समिति के इतिहास में यह पहली बार है, जब किसी महिला प्रत्याशी ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया है। मुख्य चुनाव अधिकारी एडवोकेट संतोष शर्मा व निर्वाचन अधिकारी प्रेमनारायण विश्वकर्मा ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान सरदार रघुवंशी, रामराज दांगी, मिथिलेश दांगी, भूपेंद्र रघुवंशी, कमलेश अहिरवार एवं वीरेंद्र धाकड़ ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन फार्म जमा किए हैं। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 6 अगस्त को दोपहर 12 से 1 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। इसके बाद दोपहर 1 से 3 बजे तक नामांकन पत्रों पर दावा-आपत्ति प्रस्तुत की जा सकेगी। 7 अगस्त को दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक नामांकन पत्र वापस लिए जा सकेंगे। नाम वापसी के बाद चुनाव मैदान में बचे प्रत्याशियों की संख्या स्पष्ट होगी।



विदिशा। सरदार सिंह रघुवंशी के समर्थन में वाहन रैली लेकर नामांकन जमा करवाने पहुंचे उनके समर्थक।

8 अगस्त को प्रत्याशियों की सूची और चुनाव चिन्ह: 8 अगस्त को दोपहर 12 से 1 बजे तक प्रत्याशियों की अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी। इसके बाद दोपहर 1 से 2 बजे तक प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे।16 अगस्त को होगा मतदान सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष पद के लिए मतदान 16 अगस्त, रविवार को तारा देवी हाल में सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। नाम वापसी के बाद चुनाव मैदान में रहने वाले प्रत्याशियों के बीच अध्यक्ष पद के लिए मुकाबला होगा।उक्त जानकारी समिति प्रवक्ता मनोज शर्मा द्वारा दी गई।



सरदार रघुवंशी



रामराज दांगी



मिथिलेश दांगी



भूपेंद्र रघुवंशी



कमलेश अहिरवार



वीरेंद्र धाकड़

वर्ष 2014 से अब तक पांच अध्यक्ष रह चुके हैं। जिनमें चंद्र कुमार शर्मा (बल्लू महाराज), संजीव शर्मा, अतुल तिवारी, शैलेंद्र सिंह राजपूत और नितिन माहेश्वरी शामिल हैं।

ककरूआ, इमलिया, किरमची बंधेरा के छात्रों को अब गांव के पास ही मिलेगी हाईस्कूल शिक्षा

किरमची बंधेरा माध्यमिक शाला हाईस्कूल में उन्नत, विधायक मुकेश टंडन ने किया शुभारंभ



विदिशा। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को सम्मानित कर पुस्तकें बांटी गईं।

कंप्यूटर खरीद के लिए 1 लाख और श्मशान घाट पहुंच मार्ग के लिए अतिरिक्त राशि देने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

अब ग्राम ककरुआ, इमलिया एवं किरमची बंधेरा के छात्रों को माध्यमिक शिक्षा के बाद आगे की पढ़ाई के लिए दूसरे स्कूल तक नहीं जाना पड़ेगा। छात्रों की लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान करते हुए शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला किरमची बंधेरा का हाईस्कूल में उन्नयन किया गया है। शिक्षा सत्र 2026-27 से यहां कक्षा 9वीं एवं 10वीं का संचालन होगा।

विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने बुधवार को उन्नत हाईस्कूल का फीता काटकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक टंडन ने कहा कि कि भौगोलिक परिस्थितियों के कारण छात्रों को हाईस्कूल की पढ़ाई के लिए दूर जाना पड़ता था, जिससे अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। स्कूली छात्रों की मांग पर विधायक ने विधायक स्वेच्छानुदान निधि से विद्यालय के लिए कंप्यूटर खरीदने 1 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। वहीं ग्रामीणों की मांग पर श्मशान घाट तक पहुंच मार्ग के निर्माण के लिए 2 से 2.5 लाख तक की राशि उपलब्ध कराने की घोषणा की।

पिपलधार मार्ग पर विदिशा के सराफा व्यापारी को गोली मारकर 12 किलो चांदी लूटी

हाट बाजार से लौट रहे थे संजय सोनी के हाथ में लगी गोली, बदमाश माल लेकर फरार, पुलिस ने की घेराबंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

पिपलधार मार्ग पर बुधवार शाम एक सराफा व्यापारी के साथ लूट की सनसनीखेज वारदात सामने आई। रायसेन गेट निवासी एवं निकासा क्षेत्र में सराफा दुकान संचालित करने वाले संजय सोनी पिता कैलाश नारायण सोनी अपने पुत्र के साथ पीपलधार हाट बाजार से विदिशा लौट रहे थे। इसी दौरान अज्ञात बदमाशों ने उन्हें रोककर गोली मार दी। गोली संजय सोनी के हाथ में लगी, जिससे वे घायल हो गए। वारदात के बाद आरोपी उनके पास मौजूद करीब 12 किलो चांदी और कुछ नकदी लूटकर फरार हो गए। घायल व्यापारी को तत्काल उपचार



के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। जिलेभर में नाकाबंदी कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है। एसपी रोहित काशवानी ने बताया कि तीन आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया है। तीनों पर 10-10 हजार का इनाम घोषित किया है।

मानौरा में जागरुकता कार्यशाला आयोजित

विदिशा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मानौरा में छात्राओं की सुरक्षा और जागरूकता के उद्देश्य से पोक्सो एक्ट पर विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें 18 वर्ष से कम आयु के सभी बच्चों को अधिनियम के प्रावधान, गुड टच-बैड टच की पहचान, निजी अंगों की सुरक्षा तथा किसी भी अनुचित व्यवहार पर 'नो, गो, टेलर' नियम की जानकारी दी गई। छात्राओं को बताया गया कि ऐसी स्थिति में वे 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 112 या विद्यालय की शिक्षिका को तुरंत सूचना दें। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के मुकेश ताम्रकार सहित विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

बड़ी चोरी का खुलासा, लाखों का माल बरामद कार और नगदी जेवर सहित आरोपी गिरफ्तार

शमशाबाद पुलिस ने भोपाल निवासी आरोपी के पास से 10 लाख रु. का सामान बरामद किया

हरिभूमि न्यूज ⏭शमशाबाद

शमशाबाद पुलिस ने घर में चोरी और कार चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर करीब 10 लाख रुपए का चोरी का माल बरामद किया है।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की वेगनआर कार, दो सोने के मंगलसूत्र, दो जोड़ी चांदी की पायल और 2 हजार रुपये नकद जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार 17 अक्टूबर 2025 को फरियादी ने घर से जेवर व



नकदी तथा बाहर खड़ी कार चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर 3 अगस्त 2026 को जे.के. उर्फ जगदीश (35), निवासी सुखी सेवनिया, भोपाल को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी करना स्वीकार किया और उसकी निशानदेही पर पूरा माल बरामद हुआ। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में हुई इस कार्रवाई में एएसपी मोनिका तिवारी, एसडीओपी अमरेश बोहरे तथा थाना प्रभारी आशुतोष सिंह सहित शमशाबाद थाना पुलिस की अहम भूमिका रही।

मुरारिया में छापा: एक लाख की अवैध सागौन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

वन मंडल अधिकारी हेमंत यादव के निर्देशन में वन परिक्षेत्र उत्तर एवं दक्षिण लटेरी की संयुक्त टीम ने 4 अगस्त को ग्राम मुरारिया में घासीराम विश्वकर्मा एवं शिव फर्नीचर मार्ट पर सूचना के आधार पर औचक निरीक्षण और छापामार कार्रवाई की। तलाशी के दौरान घासीराम विश्वकर्मा के यहां अवैध रूप से संग्रहित सागौन की सिल्लियां बरामद हुईं। जब्त लकड़ी की अनुमानित कीमत करीब एक लाख रुपये आंकी गई है।

वैध अभिलेख एवं परिवहन दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर वन विभाग ने लकड़ी जब्त कर प्रकरण दर्ज किया। जब्त लकड़ी को सुरक्षित अभिरक्षा में रखकर उसके स्रोत एवं अन्य संभावित संलिप्त व्यक्तियों की जांच शुरू कर दी गई है। कार्रवाई में उत्तर लटेरी के वन परिक्षेत्र अधिकारी अरविंद अहिरवार, दक्षिण लटेरी के विवेक चौधरी, विदिशा उड़नदस्ता तथा दोनों परिक्षेत्रों के वन अमले ने संयुक्त रूप से भाग लिया। वन विभाग ने अवैध वन उपज कारोबार पर सख्त कार्रवाई जारी रखने की बात कही।

निर्माण अनुमति के विपरीत चल रहा था काम नगरपालिका सीएमओ ने जांच कर रुकवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सांची रोड स्थित निर्माणाधीन भवनों का संयुक्त निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की जांच की गई।

नगरपालिका सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर ने बताया कि कुछ भवनों में नगरपालिका से प्राप्त भवन निर्माण अनुमति के विपरीत निर्माण कार्य किया जाना पाया गया। अनियमितता पाए जाने पर संबंधित निर्माण कार्यों को तत्काल प्रभाव से रुकवा दिया गया। साथ ही भवन निर्माण अनुमति की शर्तों के विपरीत



किए गए निर्माण को हटाने हेतु संबंधित भवन स्वामियों को सूचना पत्र जारी किए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर में निर्माणाधीन भवनों का नियमित निरीक्षण निरंतर जारी रहेगा।

मप्र कांग्रेस के सभी विभाग और प्रकोष्ठ भंग, पुनर्गठन की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के निर्देश पर मप्र कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश के सभी विभागों, प्रकोष्ठों तथा उनकी जिला, शहर, ब्लॉक और अन्य सभी स्तर की इकाइयों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है।

जिला कांग्रेस प्रवक्ता सुशील शर्मा ने बताया कि संगठन को अधिक सक्रिय, प्रभावी और मजबूत बनाने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। आदेश के अनुसार वर्तमान कार्यकारिणियों को समाप्त कर व्यापक पुनर्गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुनर्गठन पूरा होने के बाद विभिन्न विभागों और प्रकोष्ठों में नई नियुक्तियां की जाएंगी। पार्टी का उद्देश्य नए दायित्व सौंपकर कार्यकर्ताओं की भागीदारी बढ़ाना और संगठन को जमीनी स्तर पर अधिक सशक्त बनाना है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच इस निर्णय को संगठनात्मक मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है तथा अब नई नियुक्तियों और नए संगठनात्मक ढांचे का इंतजार है।

कृषि रोड मैप की समीक्षा, उन्नत बीज और रबी की तैयारी पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कृषि को उन्नत और लाभकारी बनाने वैज्ञानिक कृषि रोड मैप की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशानुसार कार्ययोजना की प्रगति की समीक्षा की।

कृषि रोड मैप के नोडल अधिकारी डॉ. एनके लेंका ने बताया कि जिले के छह चयनित गांवों में मूंगफली, उड़द और धान की फसल के प्रदर्शन किए जा रहे हैं। धान में एडब्ल्यूडी तकनीक का प्रयोग तथा 59 किसानों के मृदा नमूनों की जांच भी की जा रही है। कलेक्टर ने निर्देश



दिए कि जूनागढ़ से अधिक से अधिक उन्नत बीज मंगाने की योजना बनाकर सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से वितरण कराया जाए। उन्होंने बीज उत्पादन में एफपीओ, स्वयं सहायता समूह और सीएलएफ को शामिल करने, रबी सीजन की तैयारियां अभी से शुरू करने, नरवाई प्रबंधन के लिए पांच गांव चिन्हित करने तथा उद्यानिकी के लिए गांवों का चयन करने के निर्देश दिए।

डायलिसिस सेंटर को आधुनिक बनाने के लिए कई अहम फैसले, मरीजों की सुविधाओं का होगा विस्तार

आयुष्मान सुविधा, पैथोलॉजी लैब और नए भवन के प्रस्ताव पर सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विदिशा व्यापार महासंघ डायलिसिस ट्रस्ट की प्रथम साधारण सभा की बैठक ट्रस्ट अध्यक्ष राजेश जैन की अध्यक्षता में डायलिसिस सेंटर परिसर में हुई। बैठक का संचालन महामंत्री नरेंद्र सोनी ने किया। बैठक में वर्ष 2025-26 की ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत कर विस्तृत चर्चा के बाद सर्वसम्मति से स्वीकृत की गई।

बैठक में डायलिसिस सेंटर को अधिक आधुनिक एवं सुविधाजनक बनाने के लिए भवन की रंगाई-पुताई, छत की मरम्मत, नए पलंग, कुर्सियां, अतिरिक्त पंखे तथा बड़े जनरेटर की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। मरीजों को आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराने राजेश जैन को अधिकृत किया गया। बाहरी क्षेत्रों से



आने वाले मरीजों के ठहरने के लिए कमरे निर्माण का प्रस्ताव भी पारित किया गया। मरीजों को लागत मूल्य पर जांच सुविधा उपलब्ध कराने पैथोलॉजी लैब एवं सोनोग्राफी सेंटर स्थापित करने के लिए नए भवन के निर्माण का प्रस्ताव भी स्वीकृत किया गया। आवश्यकता अनुसार असिस्टेंट टेक्निशियन एवं नर्स की नियुक्ति का अधिकार अध्यक्ष एवं महामंत्री को दिया गया। बैठक में सीएसआर के माध्यम से बड़ा जनरेटर उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा गया। साथ ही व्यापारियों से अपील की गई कि वे जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ या स्मृति दिवस पर 700 का सहयोग देकर जरूरतमंद मरीजों की मदद करें। राहुल अग्रवाल एवं रोहित अग्रवाल ने अपने पिता स्व. सत्यनारायण अग्रवाल की स्मृति में दो एसी के लिए 50 हजार का चेक भेंट किया, जबकि वरिष्ठ समाजसेवी मुन्ना भैया जैन ने पांच आधुनिक पलंग देने की घोषणा की।

पांच घंटे धूप में इंतजार करते रहे खिलाड़ी, ट्रायल नहीं हुआ शुरू

विदिशा। उत्कृष्ट विद्यालय में बुधवार को आयोजित ब्लॉक स्तरीय हैंडबॉल एवं नेटबॉल चयन ट्रायल अव्यवस्था की भेंट चढ़ गया। सुबह 11:30 बजे पहुंचे अंडर-14, 17 व 19 वर्ग के खिलाड़ी छात्र-छात्राओं को करीब पांच घंटे तक धूप में इंतजार करना पड़ा। खिलाड़ियों का आरोप है कि निर्धारित समय पर न अधिकारी, कोच या पीटीआई मौजूद थे और न ही ट्रायल शुरू हुआ। दोपहर बाद केवल खिलाड़ियों के नाम दर्ज किए गए। नाराज खिलाड़ियों और अभिभावकों ने इसे गंभीर लापरवाही बताते हुए शिक्षा विभाग से जांच, दोषियों पर कार्रवाई तथा भविष्य में समयबद्ध और पारदर्शी ट्रायल कराने की मांग की है।

बासौदा मंडी भाव

गेंहू
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-4675
सरसों
न्यूनतम भाव-3930
उच्चतम भाव-7950
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2890
उच्चतम भाव-7300
चना
न्यूनतम भाव-2820
उच्चतम भाव-6348
मूंग
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-7700
मक्का
न्यूनतम भाव-1906
उच्चतम भाव-2056
उड़द
न्यूनतम भाव-3300
उच्चतम भाव-7750
मसूर
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-8400
धनिया
न्यूनतम भाव-11001
उच्चतम भाव-14600
बटरी
न्यूनतम भाव-2815
उच्चतम भाव-3490
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-1900
उच्चतम भाव-3270

कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में बुधवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 6233 बोरों उपज की आवक दर्ज की गई।

खबर संक्षेप

महिला ने लगाई फांसी

गंजबासौदा। गत दिवस बरेठ रोड स्थित चार खंबा गली निवासी 29 वर्षीय प्रेरणा श्रीवास्तव का शव घर की छत पर पंखे से लटका मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अस्पताल भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद मायके पक्ष की मौजूदगी में अंतिम संस्कार कराया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि इस मौत ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मृतका के पिता का कहना है कि उनकी बेटी आत्महत्या नहीं कर सकती। यह एक सुनियोजित साजिश है। पिता विजय श्रीवास्तव ने ससुराल पक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि शादी के बाद से ही उनकी बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता रहा था। अब उसकी मौत हो गई। बीना की श्रीराम कॉलोनी निवासी उनकी पुत्री प्रेरणा का विवाह 11 दिसंबर 2020 को बरेठ रोड की चार खंबा गली निवासी गोविंद श्रीवास्तव से हुआ था। प्रेरणा की दो बेटियां हैं। उनका आरोप है कि विवाह के बाद से ही दामाद और उसकी मां का व्यवहार बेटी के प्रति ठीक नहीं था। समझाइश देने के बावजूद स्थिति नहीं बदली। मामले की जांच एसडीओपी स्तर पर की जा रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मायके पक्ष के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

महर्षि दुर्वासा और हनुमान अवतार की कथा का वर्णन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



क्रोध यदि धर्म की रक्षा के लिए हो तो वह तप बन जाता है और शक्ति यदि सेवा में समर्पित हो जाए तो वह भक्ति का सर्वोच्च स्वरूप बन जाती है। भगवान शिव के महर्षि दुर्वासा और श्री हनुमान अवतार की कथा इन्हीं दो जीवन मूल्यों का संदेश देती है। श्रावण मास में श्री राम-जानकी मंदिर, खेड़ापति गौधाम में आयोजित 27 दिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं भगवान शिव के 84 अवतार चरित्र वर्णन महोत्सव के सातवें दिवस श्रद्धालु इन दोनों दिव्य अवतारों की प्रेरणादायी कथाओं का श्रवण कर भावविभोर हो उठे। शिव कथा वाचक पं. धर्मेन्द्र भार्गव ने कहा कि भगवान शिव का महर्षि दुर्वासा अवतार धर्म की स्थापना, सत्य की रक्षा तथा तप, संयम और मर्यादा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि महर्षि दुर्वासा का क्रोध कभी व्यक्तिगत नहीं था, बल्कि अधर्म, अन्याय और अहंकार के विरुद्ध धर्म की चेतावनी था। उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा कि जीवन में क्रोध तभी सार्थक है, जब वह विवेक के नियंत्रण में रहकर लोक कल्याण और धर्म की रक्षा का माध्यम बने।

कथा के दूसरे प्रसंग में पं. भार्गव ने भगवान शिव के श्रीहनुमान अवतार का वर्णन करते हुए बताया कि भस्मासुर को मिले वरदान के कारण जब स्वयं भगवान शिव संकट में पड़ गए, तब भगवान विष्णु ने मोहिनी रूप धारण कर अपनी दिव्य लीला से भस्मासुर का अंत किया। भगवान विष्णु के इस उपकार से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने संकल्प लिया कि जब श्रीहरि विष्णु श्रीराम के रूप में अवतार लेंगे, तब वे स्वयं उनके परम सेवक बनकर उनकी लीला में सहयोग करेंगे। इसी संकल्प की पूर्ति के लिए भगवान शिव ने अपने रुद्रांश से माता अंजना के गर्भ से श्रीहनुमान के रूप में अवतार धारण किया। उन्होंने कहा कि श्रीहनुमान ने अपने सम्पूर्ण जीवन को भगवान श्रीराम की सेवा में समर्पित कर दिया। सीताजी की खोज, समुद्र लांघना, लंका दहन, संजीवनी पर्वत लाना और प्रत्येक कठिन परिस्थिति में श्रीराम के प्रति अटूट निष्ठा का परिचय देकर उन्होंने सिद्ध कर दिया कि सच्चा बल बाहुबल में नहीं, बल्कि विनम्रता, निष्काम सेवा, ब्रह्मचर्य, अनुशासन और प्रभु के प्रति अटूट समर्पण में निहित है। भगवान शिव का हनुमान स्वरूप प्रत्येक साधक को यह प्रेरणा देता है कि ईश्वर की आराधना केवल पूजा-पाठ से नहीं, बल्कि सेवा, त्याग, कर्तव्यपालन और धर्म की रक्षा से पूर्ण होती है।

कथा के समापन पर पं. भार्गव ने कहा कि महर्षि दुर्वासा का तप, अनुशासन और धर्मनिष्ठा तथा श्री हनुमान की सेवा, समर्पण और रामभक्ति मानव जीवन के दो ऐसे आदर्श हैं, जिन्हें अपनाकर व्यक्ति अपने जीवन को सफल, सार्थक और कल्याणकारी बना सकता है। कथा के उपरांत श्रद्धालुओं ने पार्थिव शिवलिंग निर्माण, भगवान शिव का अभिषेक, पूजन एवं महाआरती में सहभागिता कर धर्मलाभ प्राप्त किया। मंदिर परिसर हर-हर महादेव और जय श्रीराम के गगनभेदी जयघोष से देर तक गुंजायमान रहा।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया जीत का जश्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

दतिया उपचुनाव में कांग्रेस की विजय पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी त्योंदा द्वारा जीत का जश्न मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने मेलोडी बांटी, आतिशबाजी की तथा ढोल-नगाड़ों की धुन पर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने कहा कि दतिया की जनता ने लोकतंत्र और जनहित के पक्ष में अपना स्पष्ट जनादेश दिया है। दतिया की जनता द्वारा कांग्रेस पार्टी को मिले इस अभूतपूर्व समर्थन के लिए समस्त कांग्रेस परिवार हृदय से आभार व्यक्त करता है। कार्यक्रम में गणेशराम पटेल, धर्मेंद्र पटेल, संतोष पटेल, दुर्ग सिंह पटेल, माखन सिंह, शिवनारायण शर्मा, महेंद्र सिंह ठाकुर, शेर सिंह पटेल, शेर सिंह लोधी, इलियास खान सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

12 सितंबर को होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारियों पर की विस्तार से चर्चा

नेशनल लोक अदालत की तैयारियों को लेकर न्यायाधीशों ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



बुधवार को न्यायालय परिसर में न्यायाधीशों की बैठक आयोजित हई। जिसका मुख्य उद्देश्य आगामी 12 सितंबर को होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा करना था।

यहां उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेश और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विदिशा के मार्गदर्शन में 12 सितंबर 2026 को न्यायालय परिसर बासौदा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। इस लोक अदालत में आपराधिक शमनीय प्रकरण, परक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी मामले, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण (MACT), वैवाहिक प्रकरण, विद्युत एवं जल कर, बिल संबंधी प्रकरण और अन्य सभी प्रकार के राजीनामा योग्य प्री-लिटिगेशन तथा न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण से संबंधित प्रकरणों पर विचार-विमर्श हेतु एक विशेष बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में बीमा कंपनी के अधिवक्तागण और अभिभाषक संघ के अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

बैठक की अध्यक्षता तहसील विधिक सेवा समिति अध्यक्ष अवधेश कुमार गुप्ता ने की। जिसमें द्वितीय जिला न्यायाधीश हरप्रसाद वंशकार, तृतीय जिला न्यायाधीश जफर इकबाल शामिल हुए। आयोजित बैठक में बीमा कंपनी के अधिवक्ताओं के साथ मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण से संबंधित प्रकरणों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। लोक अदालत में रखे जाने वाले ऐसे प्रकरणों को चिन्हित किया गया। साथ ही उपस्थित अधिवक्ताओं से अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण राजीनामा के आधार पर कराने की अपेक्षा की गई, ताकि आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक मामले आपसी सहमति से निराकृत हो सकें और पक्षकारों को लाभान्वित किया जा सके।

हाथ ठेला संचालकों को दी हिदायत



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

रात्रि के समय नगरपालिका अमले द्वारा स्टेशन क्षेत्र के फल, सब्जी संचालकों को समझाईश दी गई कि बीच सड़क पर ठेला ना लगावे।ताकि अव्यवस्था उत्पन्न न हो। इस दौरान कुछ ठेला संचालकों पर चालानी कार्रवाई भी की गई। कार्रवाई के दौरान नगरपालिका अमला मौजूद रहा।

जयंती एवं पुण्यतिथि मनाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शहर वाचनालय पाठक संघ द्वारा महापुरुषों को याद कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के दौरान महान क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी स्व लोकमान्य तिलक, महान कवि राजर्षि पुरुषोत्तम दास टण्डन क़े व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुनील बाबू पिंगले ने महान कवि मैथिली शरण गुप्त, स्व. कमला नेहरू के योगदान का वर्णन किया। जिन्हे भारत रत्न प्रदान किया था। साथ मप्र के खंडवा में पैदा हुए ही महान गायक स्व. किशोर कुमार को भी स्मरण किया गया। कार्यक्रम में देश क़े लिए पांचो लोगों के जीवन को प्रेरणादायक बतलाते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर प्रमोद शर्मा, दीपक तिवारी, कैलाश नामदेव, सतीश शिल्पकार, उत्तम सोनी आदि मौजूद थे।

यातायात पुलिस ने चलाया वाहन चैकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



यातायात पुलिस ने बुधवार को विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 10 वाहन चालकों पर कुल 3900 रुपए का जुर्माना लगाया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण लगाना और आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना था। यह अभियान पचमा रोड पर चलाया गया। यातायात निरीक्षक एनएस लोधी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दोपहिया और चार पहिया वाहनों की गहनता से जांच की। अभियान के दौरान बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों, बिना सीट बेल्ट कार चलाने वालों और जिनके पास गाड़ी के कागजात पूरे नहीं थे, उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही, ओवर स्पीड में वाहन चलाने वालों को रोककर यातायात नियमों के प्रति समझाइश दी गई। यातायात थाना प्रभारी एनएस लोधी ने बताया वाहन चैकिंग अभियान के दौरान 10 वाहन चालकों पर जुर्माना लगाया गया। इनमें बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले और बिना सीट बेल्ट चार पहिया वाहन चलाने वाले वाहन शामिल थे। पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि ये नियम उनकी सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं। नियमों का उल्लंघन करने पर नियमित रूप से जांच अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

सावन माह में निकल रही तेज धूप

गंजबासौदा। इन दिनों इलाके में औसत से कम बारिश हो रही है और किसान चिंतित हैं। श्रावण मास में बारिश की उम्मीद सभी को थी, लेकिन अब मौसम की बेरूखी के चलते सावन माह में भी तेज धूप निकल रही है। ऐसे में फसलें प्रभावित हो रही हैं और लोग गर्मी, उमस से परेशान है।

हादसे में मासूम की मौत, माता-पिता गंभीर

राखड़ से लदे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार परिवार को रौंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़ागांव धसान

थाना क्षेत्र के अजनौर गांव में सोमवार के दिन एक दर्दनाक सड़क हादसे ने परिवार की खुशियां मातम में बदल दीं। नरसिंहगढ़ से सीमेंट की डस्ट राखड़ भरकर तेज रफ्तार से उत्तर प्रदेश की ओर जा रहे ट्रक ने बाइक सवार परिवार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पर सवार 11 वर्षीय राजकुमार आदिवासी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके पिता संतोष आदिवासी और माता आरती आदिवासी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जमा हो गए। जानकारी के अनुसार छतरपुर जिले के बछरावनी गांव निवासी आदिवासी परिवार सावन सोमवार के अवसर पर कुंडेश्वर धाम में दर्शन करने आया था। धार्मिक दर्शन के बाद परिवार बाइक से वापस अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान बड़ागांव धसान थाना क्षेत्र के अजनौर गांव के पास सामने की ओर से तेज गति से आ रहे राखड़ से भरे ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद बाइक सवार तीनों सड़क पर जा गिरे। हादसा इतना गंभीर था कि 11 वर्षीय राजकुमार ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं उसके माता-पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए और घायलों को मदद पहुंचाने का प्रयास किया। घटना में मासूम बच्चे की मौत की खबर से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने ट्रक को घेर लिया और उसके शीशे तोड़ते हुए तोड़फोड़ कर दी। घटनास्थल पर कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक एवं ट्रक को अपने कब्जे में लिया।

अगला कार्यक्रम होगा पशुपतिनाथ नेपाल में, छतर सिंह बने मुख्य यजमान

भगवान त्रयंबकेश्वर के साथ दर्शनीय स्थलों का किया वर्णन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

त्रयंबकेश्वर धाम में पार्थिव शिव लिंग के निर्माण के समय पं. प्रेम्हानंद शास्त्री ने भगवान त्रयंबकेश्वर के साथ आसपास के दर्शनीय स्थलो का वर्णन करते हुए कहा कि यहां पर कुशावर्त तीर्थ है यह त्रयंबकेश्वर शहर के बीचों बीच एक पवित्र कुंड है। जहां गोदावरी का जल आता है। यहां स्नान करना बहुत पवित्र माना गया है। यहां पर ब्रह्मगिरी पर्वत और गंगा द्वार है। यह पवित्र पर्वत श्रंखला है और इसी में गोदावरी नदी का वास्तविक उद्गम स्थल गंगा द्वार है, यही पर अंजनेरी हिल्स है जो पवन पुत्र हनुमान का जन्म स्थान है। यहां पर माता अंजनि और हनुमान जी का मंदिर है, यही पर नील पर्वत और नीलकंठेश्वर प्राचीन मंदिर है जो पहाड़ी की चोटी पर स्थित है। शास्त्री ने बताया कि त्रयंकबेश्वर से करीब 28 किलोमीटर दूरी पर नासिक मे कालाराम मंदिर, सीता गुफा, रामकुंड जैसे रामायण काल से जुडे कई तीर्थ स्थल हैं इनके दर्शन मात्र से पाप क्षीण हो जाते हैं और पुण्यों का उदय होता है। शिर्वाचन सेवा समिति के पुनीत आयोजन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए समिति के प्रथ्वी सिंह रघुवंशी ने बताया कि अगला कार्यक्रम ज्योतिर्लिंग भगवान पशुपतिनाथ का नेपाल मे होगा। जिसके मुख्य यजमान छतरसिंह रघुवंशी ठेकेदार होंगे। इस आयोजन के बाद त्रयंबकेश्वर से शिव के धाम भीमाशंकर और घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग की यात्रा पर श्रदालु जायेंगे। इसके उपरांत शनि सिंगनापुर, शिरणी के सांईबाबा, मॉ सप्तश्रृंगी, एलोरा की गुफाएं के दर्शन कर धर्म लाभ लेंगे। यह धार्मिक आयोजन का पांचवा वर्ष है, जो श्रावण मास में ज्योतिर्लिंग पर आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर विधायक हरीसिंह रघुवंशी के निज सचिव प्रशांत शर्मा भी उपस्थित थे। समिति के लाल साहब, पर्वत सिंह, निर्भय सिंह ने निर्विघ्न हुए इस सफल आयोजन पर कहा कि इतना बड़ा आयोजन वगैर ईश्वर की कृपा के सम्पन्न नही हो सकता। इस अवसर पर देवीसिंह, महेन्द्र प्रताप सिंह, तखत सिंह, भवरजी, भगवान सिंह, वीर सिंह, रामरतन,भारत सिंह, रामनाथ, कमर सिंह, लालू , कमल सिंह, बालाराम, रेवाराम, रमेश, कल्लू आदि थे।

जन विश्वास अभियान की तैयारियों की हुई समीक्षा



गंजबासौदा। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा जन विश्वास अभियान आगामी 8 अगस्त से शुरू किया जा रहा है। इस अभियान की तैयारियों को लेकर बुधवार को एडीएम अनिल डामोर एवं एसडीएम अनुभा जैन ने त्योंदा में अधिकारी कर्मचारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर बताया गया कि विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए आगामी 7 अगस्त को त्योंदा तहसील की 26 ग्राम पंचायतों सौंसेरा, अनबई, घटेरा, आबूपुर कुचौली, मुराहर, उकायला, सैरवासा, अमारी, हामिदपुर, रसूलपुर, महौली, रीछई, सतपाडा कला, खैरोदा, मैनवाडा, खामखेडा, त्योंदा, बरमढी, कस्बा बागरोद, गोडखेडीमार, लगधा, पिपरिया दौलत, बिसधा, बूढी बागरोद, पिपराहा और पचपीपरा में भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। जिसमें शासन के सभी विभागों को अपने विभाग से संबंधित सीएम हैल्पलाइन, जनसुनवाई एवं अन्य विषयों से संबंधित लंबित शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण करना है। इस संबंध में बुधवार 5 अगस्त को पंचायतों में वाइब्रेंट ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत त्योंदा में एडीएम अनिल डामोर, एसडीएम अनुभा जैन, विद्युत मंडल एमजीओ उपदेश यादव, तहसीलदार आनंद जैन, भी शामिल हुए। इस दौरान पंचायत के पटवारी, सचिव, रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, सेल्समेन सहित सभी विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान बताया गया कि सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त करेंगे एवं रजिस्टर या पंजी पर उनका संधारण कर मौके पर आवेदन या समस्याओं का नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित करेंगे। इस अभियान में लापरवाही बरतने पर संबंधित कर्मचारी पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

सुरक्षा निधि नहीं हो रही समायोजित, आवेदक परेशान

गंजबासौदा। रेलवे स्टेशन क्षेत्र स्थित सुभाष चौक निवासी राजकुमार साहू ने विद्युत कंपनी प्रबंधन को आवेदन दिया है। जिसमें कहा गया है कि उनके द्वारा गन्ना मशीन चलाने के लिए विद्युत कंपनी से 29 मार्च 2024 से अस्थाई विद्युत कनेक्शन लिया गया था। जिसमें उनके द्वारा 9991 रूपए की राशि का भुगतान किया गया था। उनके द्वारा गन्ना मशीन का कार्य समाप्त होने पर दिनांक 1 जुलाई 2024 को उक्त कनेक्शन विच्छेदित करा दिया गया था। जिसमें सुरक्षा निधि 4144 रूपए विद्युत कंपनी के पास शेष बची है। जिसे वे अब अपने घरेलू विद्युत कनेक्शन की बिल राशि में समायोजित कराना चाहते हैं। राजकुमार साहू के अनुसार वे इस राशि के समायोजन के लिए पिछले दो वर्षों में कई बार विद्युत कंपनी प्रबंधन और अधिकारियों को आवेदन कर चुके हैं, लेकिन हर बार अधिकारी सिर्फ आश्वासन दे देते हैं और राशि अभी तक न तो उन्हें वापस की गई है और न ही बिल में समायोजित की गई है। जिससे वे मानसिक एवं आर्थिक रूप से परेशान हो रहे हैं।

समय पर खाद नहीं मिलने से किसानों में आक्रोश, सरकार की व्यवस्था पर उठाए सवाल

गोदाम पर चक्काजाम के बाद एसडीएम कार्यालय का घेराव

किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



खरीफ सीजन के बीच खाद की भारी किल्लत को लेकर बुधवार को सिरोंज में किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। घंटों तक खाद के लिए भटकने और सरकारी गोदामों से खाली हाथ लौटने के बाद सैकड़ों किसान सड़क पर उतर आए।

पहले किसानों ने खाद वितरण केंद्र के बाहर चक्काजाम कर प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की, जिससे कुछ समय तक यातायात भी प्रभावित रहा। इसके बाद किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान रैली के रूप में एसडीएम कार्यालय पहुंचे और प्रशासन का घेराव कर अपनी नाराजगी जताई। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार यह दावा कर रही है कि किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जा रही है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। कई दिनों से किसान खाद के लिए गोदामों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें निराश होकर लौटना पड़ रहा है। किसानों का कहना था कि खरीफ की फसल इस समय ऐसे दौर में है, जब समय पर खाद नहीं मिलने से उत्पादन पर सीधा असर पड़ेगा।



मौसम की बेरुखी से जूझ रहा है किसान

किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी ने प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि किसान पहले ही मौसम की बेरुखी से जूझ रहा है। क्षेत्र में पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण फसलें कमजोर पड़ रही हैं और अब खाद की कमी ने किसानों की परेशानी कई गुना बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि यदि समय पर खाद नहीं मिली तो हजारों किसानों की मेहनत बर्बाद हो जाएगी और उनकी आर्थिक स्थिति पर गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। उन्होंने सरकार और प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। सरकारी दावे केवल कागजों तक सीमित हैं, जबकि धरातल पर किसान खाद के लिए भटकने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि खेती-किसानी पूरी तरह समय पर निर्भर करती है और खाद की आपूर्ति में हुई देरी का खामियाजा सीधे किसानों को भुगतना पड़ेगा। प्रदर्शन कर रहे किसानों ने प्रशासन से मांग की कि सिरोंज सहित आसपास के सभी वितरण केंद्रों पर तत्काल पर्याप्त मात्रा में डीएपी और यूरिया उपलब्ध कराया जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके। किसानों ने यह भी मांग की कि खाद वितरण की पारदर्शी व्यवस्था बनाई जाए, जिससे किसी भी किसान को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

आंदोलन को दिया जाएगा और व्यापक व उग्र रूप

किसानों के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए एसडीएम ओम नारायण बड़कुल मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं और भरोसा दिलाया कि शीघ्र ही पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। एसडीएम के आश्वासन के बाद किसानों ने फिलहाल अपना प्रदर्शन समाप्त कर दिया, लेकिन चेतावनी दी कि यदि जल्द खाद की व्यवस्था नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक एवं उग्र रूप दिया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। इस दौरान प्रमुख रूप से शिवम शर्मा, चंद्रेश, रमेश बाबू, खेमचंद, उमराव, पदम, जितेंद्र, महाराज सिंह, दीवान सिंह, मेहरबान सिंह, कमर लाल सहित सैकड़ों किसानों ने भाग लेकर खाद संकट के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया।

किसानों की प्रमुख मांगें

- सभी सरकारी गोदामों में तत्काल पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए।
- डीएपी एवं यूरिया का नियमित और पारदर्शी वितरण सुनिश्चित किया जाए।
- किसानों को घंटों लाइन में लगने और बार-बार चक्कर लगाने से राहत दी जाए।
- खरीफ सीजन को देखते हुए अतिरिक्त खाद आवंटित कर संकट का स्थायी समाधान किया जाए।

ग्राम कोरवासा में राजस्व व पुलिस प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई

35 लाख मूल्य की 6 बीघा से अधिक शासकीय भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

कलेक्टर के निर्देश पर बुधवार को तहसील सिरोंज के ग्राम कोरवासा में शासकीय भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए लगभग 6 बीघा से अधिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। करीब 35 लाख रुपए मूल्य की इस शासकीय भूमि पर बोई गई मक्का एवं उड़द की फसल को हटाकर भूमि को शासन के कब्जे में लिया गया। पूरी कार्रवाई राजस्व एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त मौजूदगी में शांतिपूर्ण एवं विधि-सम्मत तरीके से संपन्न हुई। इस अवसर पर कार्रवाई का नेतृत्व एसडीएम ओमनारायण बड़कुल ने किया। उनके साथ पुलिस एसडीओपी श्रीमती सोनू डाबर, तहसीलदार अभिषेक पाण्डे, नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तोजीराम अहिरवार, नायब तहसीलदार दर्शनलाल नेगी, नायब तहसीलदार देवदीप गौंड, सिरोंज थाना प्रभारी गजेन्द्र सिंह बुन्देलो,दीपनाखेडा थाना प्रभारी के.के. पवार, मुगलसराय थाना प्रभारी प्रकाश भिलाला सहित पर्याप्त राजस्व एवं पुलिस बल मौजूद रहा। वही प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई नायब तहसीलदार न्यायालय, मंडल-3, तहसील सिरोंज द्वारा प्रकरण क्रमांक 05-अ-68-2026/27, 06/31-68-2026-27 एवं 07-31-68/2026-27 में 03 अगस्त 2026 को पारित बेदखली आदेशों के अनुपालन में की गई।

भुजरिया तालाब की भूमि पर किया गया था अवैध कब्जा

प्रशासनिक जांच में पाया गया कि ग्राम कोरवासा स्थित संवेदनशील शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 363, रकबा 1.556 हेक्टेयर, मद शासकीय तालाब (भुजरिया तालाब) पर खुशाल पिता बसोरी, थानसिंह पिता ऊधमसिंह एवं बब्ने खाँ पिता मोहम्मद शाह द्वारा मक्का एवं उड़द की फसल बोकर अवैध कब्जा किया गया था। इसके बाद सक्षम न्यायालय ने तीनों अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध बेदखली के आदेश जारी किए थे।

पहले दी गई थी स्वयं अतिक्रमण हटाने की चेतावनी

प्रशासन ने कार्रवाई से पहले ग्राम कोटवार के माध्यम से विधिवत मुनादी कराकर सभी संबंधित अतिक्रमणकारियों को स्वेच्छा से शासकीय भूमि खाली करने का पर्याप्त अवसर दिया था। बावजूद इसके न्यायालयीन आदेशों का पालन नहीं किया गया और अतिक्रमण यथावत बना रहा। इसके बाद प्रशासन ने पुलिस सुरक्षा के बीच मौके पर पहुंचकर अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई की। बुधवार को राजस्व एवं पुलिस अमले की मौजूदगी में शासकीय भुजरिया तालाब की भूमि पर बोई गई फसल हटाकर संपूर्ण अतिक्रमण समाप्त किया गया। कार्रवाई के दौरान भूमि का मूल स्वरूप पुनः स्थापित कराया गया और उसे पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त कर शासन के कब्जे में लिया गया।

भूमि पंचायत को सौंपी, दोबारा कब्जा रोकने के निर्देश

अतिक्रमण हटाने के बाद भूमि का विधिवत कब्जा लेकर उसे सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए ग्राम पंचायत सचिव धर्मेन्द्र रघुवंशी, रोजगार सहायक माखनसिंह धाकड़ तथा ग्राम कोटवार अफसर खाँ के सुपुर्द किया गया। संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि भविष्य में किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा होने पर तत्काल राजस्व एवं पुलिस प्रशासन को सूचना दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। वहीं प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा या अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शासन की भूमि को सुरक्षित रखने और सार्वजनिक संपत्तियों की रक्षा के लिए आगे भी इसी प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। यह कार्रवाई पूरी तरह शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं विधि-सम्मत ढंग से संपन्न हुई और करोड़ों की सरकारी संपत्तियों को अतिक्रमण से मुक्त कराने के अभियान को मजबूती मिली।

मुख्य बिंदु

- 6 बीघा से अधिक शासकीय भूमि अतिक्रमण मुक्त।
- लगभग 35 लाख रुपए मूल्य की भूमि शासन के कब्जे में।
- भुजरिया तालाब की भूमि पर बोई गई मक्का एवं उड़द की फसल हटाई गई।
- एसडीएम ओमनारायण बड़कुल के नेतृत्व में संयुक्त कार्रवाई।
- राजस्व एवं पुलिस बल की मौजूदगी में शांतिपूर्ण ढंग से हुई कार्रवाई।
- भविष्य में दोबारा अतिक्रमण रोकने के लिए पंचायत को भूमि का संरक्षण सौंपा गया।

कांग्रेस ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

ऐतिहासिक कोर्ट गेट के संरक्षण व मार्ग खोलने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



नगर की ऐतिहासिक धरोहर कोर्ट गेट के संरक्षण, शीघ्र जीर्णोद्धार एवं आमजन के आवागमन के लिए बंद मार्ग को पुनः खोले जाने की मांग को लेकर ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कमेटी ने अनुविभागीय अधिकारी ओम नारायण बडकुल को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेश यादव के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि नगर का ऐतिहासिक कोर्ट गेट वर्तमान में जर्जर स्थिति में है। सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन द्वारा इस मार्ग को दोनों ओर से बंद कर दिया गया है, जिससे आम नागरिकों, व्यापारियों, विद्यार्थियों, महिलाओं तथा शासकीय कार्यालयों में आने-जाने वाले लोगों को प्रतिदिन भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग नगर के प्रमुख आवागमन मार्गों में शामिल है और इसके बंद होने से हजारों लोगों की दैनिक दिनचर्या प्रभावित हो रही है। वही उन्होने कहा कि इस ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है, लेकिन संरक्षण के नाम पर नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं को लंबे समय तक बाधित रखना उचित नहीं है। प्रशासन को तत्काल विशेषज्ञों से तकनीकी निरीक्षण कराकर कोर्ट गेट का सुरक्षित एवं वैज्ञानिक तरीके से जीर्णोद्धार कराना चाहिए तथा आवश्यक सुरक्षा उपायों के साथ इस मार्ग को पुनः आमजन के लिए खोलना चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि कोर्ट गेट के संरक्षण एवं मरम्मत कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र प्रारंभ किया जाए, स्थानीय नागरिकों एवं व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए तथा इस ऐतिहासिक धरोहर के स्थायी संरक्षण की स्पष्ट कार्ययोजना सार्वजनिक की जाए। वही नगर कांग्रेस अध्यक्ष सैफू गौरी ने कहा कि नगर की ऐतिहासिक पहचान को सुरक्षित रखना सभी की जिम्मेदारी है, लेकिन इसके साथ-साथ जनता की सुविधा और सुगम आवागमन भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने प्रशासन से जनहित में शीघ्र निर्णय लेने की मांग की। उन्होने कहा कि यदि शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई कर मार्ग को आमजन के लिए पुनः नहीं खोला गया, तो कांग्रेस कमेटी जनता के हित में लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

नवोदय स्थापना दिवस पर सजी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

छात्रों ने दिखाई प्रतिभाः मां सरस्वती की वंदना से हुआ शुभारंभ, उत्साह और उल्लास से मनाया गया कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में नवोदय विद्यालय समिति का स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र कुमार, उप प्राचार्य एम.डी. मिश्रा सहित समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। शिक्षक पी.सी. गौतम ने नवोदय विद्यालय समिति की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं उसकी प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्राचार्य जितेंद्र कुमार ने कहा कि नवोदय विद्यालयों की स्थापना जिन उद्देश्यों के साथ की गई थी, वे आज सफलतापूर्वक साकार हो रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को इन मूल्यों को बनाए रखने और आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। उप प्राचार्य एमडी मिश्रा ने कविता के माध्यम से नवोदय के सपनों और उद्देश्यों को भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा कविता, भाषण एवं नुक्कड़ नाटक विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें उपस्थितजनों ने खूब सराहा। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 10वीं की छात्रा सुरुचि किरार ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन किरण गोपी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

शमशाबाद नगर परिषद बैठक में विधायक सूर्य प्रकाश मीणा ने विकास कार्यों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद



नगर परिषद शमशाबाद में आयोजित समीक्षा बैठक में विधायक सूर्य प्रकाश मीणा ने नगर के विभिन्न विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। बैठक में एसडीएम अजय पाठक, तहसीलदार संजय चौरसिया, नगर परिषद अध्यक्ष भारती प्रदीप माहेश्वरी एवं सीएमओ जाहिद अली सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान अधोसंरचना विकास, निर्माण कार्यों और नगर की मूलभूत सुविधाओं से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याएं रखीं, जिनके निराकरण के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए तथा कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया। विधायक मीणा ने विकास कार्यों में गुणवत्ता एवं समयसीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। बैठक के बाद सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल का संकल्प लिया। बैठक में नगर परिषद के पार्षद, एल्डरमेन एवं गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

अस्पताल में विधिक साक्षरता शिविर, महिलाओं के अधिकार व यातायात नियमों की दी जानकारी



कुरवाई। शासकीय अस्पताल कुरवाई में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला न्यायाधीश आनंद गौतम, शासकीय अधिवक्ता राघवेंद्र सिंह दांगी, एडवोकेट नवीन जैन, एडवोकेट असद नावेद, डॉ. पीके दीवान एवं अस्पताल स्टाफ उपस्थित रहे। जिला न्यायाधीश ने महिलाओं से जुड़े कानून, भरण-पोषण, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़ एवं मोटर व्हीकल एक्ट की जानकारी दी। उन्होंने वाहन का बीमा कराने और 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को वाहन नहीं चलाने की सलाह दी। साथ ही गरीब एवं असहाय लोगों को नि:शुल्क विधिक सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 15100 पर संपर्क करने की जानकारी दी।

जड़ भरत व अजामिल प्रसंगों के साथ भागवत कथा में धर्म और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



विनायक बैंक्यूट हॉल में पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं श्रीमद्भागवत कथा के दौरान बुधवार को शास्त्री जी ने जड़ भरत, अजामिल, प्रह्लाद चरित्र, गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वामन अवतार, भगवान श्रीराम एवं श्रीकृष्ण जन्म सहित अनेक प्रेरक प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया।

उन्होंने कहा कि भगवान की कृपा प्राप्त करने के लिए मन की सरलता, निष्काम भाव और सच्ची भक्ति आवश्यक है। कथा के माध्यम से श्रोताओं को धर्म के मार्ग पर चलने, सत्संग और भागवत भजन से जीवन को सार्थक बनाने की प्रेरणा दी गई। शास्त्री जी ने समाज से सनातन धर्म के संरक्षण के साथ-साथ प्रकृति एवं पर्यावरण बचाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब-जब धर्म पर संकट आता है, तब-तब भगवान संतों और धर्म की रक्षा के लिए अवतार लेते हैं। 13 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर कथा श्रवण कर रहे हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है।

ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का शक्ति संचय कार्यक्रम संपन्न

विदिशा। कुरवाई के आजीविका भवन में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से शक्ति संचय कार्यक्रम आयोजित किया गया। एक दिवसीय समीक्षा एवं प्रशिक्षण में समितियों के कार्यों की समीक्षा कर समस्याओं के समाधान पर चर्चा हुई। आगामी कार्यक्रमों में स्वैच्छिकता पर्व, हरियाली यात्रा, नवांकुर सखी, एक पेड़ मां के नाम अभियान और तिरंगा यात्रा की रूपरेखा बनाई गई।



विभाग के छह पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित

विदिशा। महिला एवं बाल विकास विभाग ने महिलाओं एवं बच्चों के क्षेत्र में उत्कृष्ट समाज सेवा, सुरक्षा, वीरता एवं साहसिक कार्यों के लिए वर्ष 2025 के छह राज्य एवं जिला स्तरीय पुरस्कारों हेतु आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक व्यक्ति एवं संस्थाएं 31 अगस्त तक जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन [www. mp wcdmis. gov.in] (http:// www. mpwcdmis.gov.in) पर उपलब्ध है। आवेदन आवश्यक दस्तावेजों सहित निर्धारित प्रारूप में ही स्वीकार किए जाएंगे।

विश्व स्तनपान सप्ताह : सामूहिक गोद भराई कार्यक्रम आयोजित कर सुरक्षित मातृत्व, स्तनपान का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिलेभर में जनजागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी है।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में बुधवार को विदिशा शहरी परियोजना के सेक्टर अहमदपुर चौराहा में गायत्री परिवार की दीदियों के सहयोग से गर्भवती महिलाओं के लिए सामूहिक गोद भराई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सुरक्षित मातृत्व, नवजात शिशु के पोषण तथा स्तनपान के महत्व के प्रति महिलाओं को जागरूक करना रहा।कार्यक्रम में पारंपरिक रीति-रिवाजों से गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कर उन्हें स्वस्थ मातृत्व एवं स्वस्थ शिशु के लिए शुभकामनाएं दी गईं। विशेषज्ञों ने बताया कि जन्म के पहले एक घंटे के भीतर स्तनपान शुरू करना और पहले छह माह तक केवल मां का दूध देना शिशु के बेहतर शारीरिक एवं मानसिक विकास, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने तथा कुपोषण रोकने के लिए आवश्यक है। सीडीपीओ अंबिका दत्त डंगवाल के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, गर्भवती एवं धात्री माताओं सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल हुए। समापन पर स्तनपान को बढ़ावा देने और मातृ-शिशु स्वास्थ्य के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया गया।

कार्यालय, नगर परिषद लटेरी जिला विदिशा (म.प्र.)
Office, Municipal Concil Lateri District Vidisha (M.P.)

Jai Stambh Chwok, Lateri-464114 Tel. 07590-276186
Email:- cmolateri@mpurban.gov.in

एन.आई.टी. संख्या/1081/ ई-टेण्डरिंग/2026 दिनांक 30/07/2026

:: प्रथम ई-निविदा सूचना ::

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	ऑनलाईन निविदा क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं (EMD)	निविदा की अंतिम तिथि
1	2026_UAD_ 526187_1 Date 03.08.2026	वार्ड क्रमांक 01 में कुबेर के मकान से शिव मंदिर तक एवं मैन रोड तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य ।	2 माह लागत 5.27 लाख	2000/- EMD - 5278.00	19.08.2026 06.00 PM

नोट : निविदा से संबंधित किसी भी सशोंधन, का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

(श्रीमति शैलेष संजय भण्डारी) अध्यक्ष नगर परिषद लटेरी

(श्री राजेश कांकर) मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद लटेरी



एक सप्ताह से बारिश गायब, केवल 50% हो पाई रोपाई, ट्यूबवेल भी दे रहे जवाब

मानसून की बेरुखी से धान की खेती पर संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

सांची विकासखंड के दीवानगंज सहित अंबाड़ी, सेमरा, नरखेड़ा, जमुनिया, निनोद, बरजोरपुर, सरार, कयामपुर, संग्रामपुर, करैया, गीदगढ़, बांसिया, सत्ती, हिनोतिया, भंवरखेडी, देहरी, कुल्हड़िया, बालमपुर और आसपास के करीब 50 गांवों में मानसून की बेरुखी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। पिछले दो सप्ताह से क्षेत्र में बारिश नहीं होने के कारण धान की रोपाई का काम लगभग ठप हो गया है। समय पर पर्याप्त वर्षा नहीं मिलने से खेत सूखने लगे हैं और किसानों के सामने खरीफ सीजन की सबसे बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है।

■ क्षेत्र के करीब 50 गांवों में मानसून की बेरुखी ने चिंता में किसान

क्षेत्र के करीब 50 प्रतिशत किसान अब भी अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं, जबकि केवल लगभग 50 प्रतिशत किसानों ने ट्यूबवेल के सहारे धान की रोपाई शुरू की है। जिन किसानों ने शुरुआती बारिश के भरोसे खेतों में धान का पौधा लगा दिया था, उनके खेतों में अब पानी की कमी के कारण पौधे सूखने की कगार पर पहुंच गए हैं। किसानों का कहना है कि यदि अगले दो-तीन दिनों में झमाझम बारिश नहीं हुई तो दोबारा रोपाई करनी पड़ सकती है, जिससे लागत और मेहनत दोनों बढ़ जाएंगी।

लगातार सिंचाई से घट रहा ट्यूबवेलों का जलस्तर

दीवानगंज, सेमरा, अंबाड़ी, नरखेड़ा और जमुनिया सहित कई गांवों में खेत पूरी तरह तैयार हैं, लेकिन पानी के अभाव में किसान रोपाई शुरू नहीं कर पा रहे हैं। जिन किसानों के पास सिंचाई के सीमित साधन हैं, वे भी लगातार ट्यूबवेल से पानी देने में असमर्थ हो रहे हैं। लगातार सिंचाई के कारण कई ट्यूबवेल का जलस्तर भी घटने लगा है। किसानों का कहना है कि दिनभर खेत में पानी भरने के बाद सुबह तक खेत फिर सूख जाते हैं।

किसानों ने बयां किया अपना दर्द

किसान जितेंद्र साहू अंबाड़ी ने बताया कि मैंने एक महीने पहले खेत में धान के गड़े तैयार कर लिए थे, ताकि बारिश होते ही रोपाई शुरू कर सकूं, लेकिन अब तक बारिश नहीं हुई। खेत तैयार हैं, लेकिन पानी नहीं होने से रोपाई शुरू नहीं हो पा रही है।

किसान रघुवीर सिंह मीणा ने कहा कि हम एक महीने से अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। धान का रोप तैयार होकर बड़ा हो गया है और अब खराब होने लगा है। जल्द बारिश नहीं हुई तो फसल प्रभावित हो जाएगी।

पर्याप्त पानी नहीं मिलने से उत्पादन पर पड़ेगा असर

धान की खेती पूरी तरह मानसूनी बारिश पर निर्भर रहती है। ऐसे में जुलाई के अंतिम सप्ताह तक भी पर्याप्त वर्षा नहीं होने से उत्पादन पर सीधा असर पड़ने की आशंका बढ़ गई है। यदि जल्द मानसून सक्रिय नहीं हुआ तो हजारों एकड़ में धान की फसल प्रभावित होगी और किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसानों का कहना है कि बढ़ती खेती की लागत, डीजल और बिजली के खर्च के बीच ट्यूबवेल से सिंचाई करना भी आसान नहीं रह गया है। ऐसे में अब पूरे क्षेत्र के किसानों की निगाहें आसमान पर टिकी हैं और वे अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं।

खबर संक्षेप

बिना हेलमेट और अधूरे दस्तावेज वाले चालकों के पुलिस ने बनाए 10 चालान

दीवानगंज। भोपाल-विदिशा हाईवे पर मंगलवार शाम दीवानगंज पुलिस ने यातायात नियमों का पालन कराने के उद्देश्य से सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। दीवानगंज पुलिस चौकी के सामने चलाए गए इस अभियान के दौरान बिना हेलमेट दोपहिया चलाने, अधूरे दस्तावेज रखने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। पुलिस ने अभियान के दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों की गहन जांच करते हुए 10 चालान बनाए तथा समन शुल्क के रूप में 3,900 रुपये वसूल किए। कार्रवाई की भनक लगते ही हाईवे पर वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। कई चालक पुलिस को देखकर वैकल्पिक रास्तों से निकलने की कोशिश करते नजर आए, लेकिन पुलिस ने नियम तोड़ने वालों पर सख्ती से कार्रवाई की। चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट चल रहे दोपहिया वाहन चालकों, सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करने वाले चार पहिया चालकों और आवश्यक दस्तावेज साथ नहीं रखने वालों की जांच की गई। पुलिस ने कई वाहन चालकों को मौके पर ही यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश भी दी। कार्रवाई से वाहनों चालकों में हड़कंप की स्थिति बनी रही।

वेंटीलेटर पर 108 एम्बुलेंस सेवा : मरीजों का अस्पताल पहुंचना हुआ मुश्किल

108 एंबुलेंस ने बीच रास्ते में छोड़ा साथ प्रसूता को ऑटो से पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

मरीजों और गर्भवती महिलाओं के लिए संजीवनी मानी जाने वाली 108 एंबुलेंस सेवा की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। समय पर रखरखाव नहीं होने और लगातार सामने आ रही तकनीकी खामियों के कारण यह आपातकालीन सेवा खुद संकट में दिखाई दे रही है।

ताजा मामला सिलवानी क्षेत्र का है, जहां प्रसव पीड़ा से पीड़ित महिला को लेकर रायसेन जिला अस्पताल आ रही 108 एंबुलेंस जिला मुख्यालय पहुंचते ही अचानक खराब हो गई। वाहन की वायरिंग में स्पार्किंग होने के कारण एंबुलेंस बीच रास्ते में रुक गई और आगे नहीं बढ़ सकी।

जानकारी के अनुसार सिलवानी क्षेत्र के सीतापार गांव से प्रसूता को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया जा रहा था। लेकिन जिला अस्पताल से कुछ दूरी पहले ही एंबुलेंस में तकनीकी खराबी आ गई। चालक ने वाहन को चालू करने का प्रयास किया, लेकिन वायरिंग में स्पार्किंग होने के कारण एंबुलेंस पूरी तरह बंद हो गई।

स्थिति को देखते हुए प्रसूता के परिजनों ने तत्काल ऑटो की व्यवस्था की और उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। राहत की बात यह रही कि घटना जिला अस्पताल के नजदीक हुई, जिससे समय रहते प्रसूता को अस्पताल



पहुंचाया जा सका। यदि यही खराबी किसी सुनसान मार्ग, जंगल या दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र में होती तो मरीज और उसके परिजनों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ सकता था।

जर्जर और तकनीकी खराबी फिर भी दौड़ रही एम्बुलेंस

स्थानीय लोगों का कहना है कि जिले में संचालित कई 108 एंबुलेंस लंबे समय से जर्जर हालत में संचालित हो रही हैं। वाहनों की नियमित सर्विसिंग और तकनीकी जांच के दावे किए जाते हैं, लेकिन आए दिन किसी न किसी एंबुलेंस में खराबी की शिकायतें आ रहीं हैं। इससे इमरजेंसी चिकित्सा सेवाएं प्रभावित हो रही हैं और गंभीर मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है।

समस्या : कंपनी अनुबंध शर्तो का नहीं कर रही पालन

सूत्रों के अनुसार एंबुलेंस संचालन करने वाली कंपनी अनुबंध की शर्तों और रखरखाव संबंधी मानकों का पूरी तरह पालन नहीं कर रही है। वाहनों की फिटनेस जांच, वायरिंग, ब्रेक, टायर, बैटरी, ऑक्सीजन सिस्टम तथा अन्य आवश्यक उपकरणों की समय-समय पर जांच में लापरवाही बरती जा रही है। यही कारण है कि कई एंबुलेंस बीच रास्ते में खराब हो रही हैं, जिससे मरीजों की सुरक्षा और जीवन दोनों खतरे में पड़ रहे हैं।

यह कार्रवाई होना चाहिए

- जिले की सभी 108 एंबुलेंसों का विशेष तकनीकी ऑडिट कराया जाए।
- फिटनेस मानकों पर खरे नहीं उतरने वाले वाहनों को तत्काल सेवा से हटाया जाए।
- वायरिंग, ब्रेक, टायर, ऑक्सीजन सिस्टम सहित सभी सुरक्षा उपकरणों की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए।
- एंबुलेंस संचालन करने वाली कंपनी की कार्यप्रणाली और अनुबंध की शर्तों के पालन की जांच कर कार्रवाई की जाए।

इनका कहना है

108 एंबुलेंस की गड़बड़ी का मामला आपके माध्यम से जानकारी मिली है। मामले में जिम्मेदार कंपनी को पत्र लिखा है तथा जांच की जाएगी। दोषियों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।
- **एमडी भारती,** नोडल अधिकारी, एंबुलेंस वाहन सेवा।

इनका कहना है

मामले की जानकारी मिली है, संबंधित एंबुलेंस सेवा की जांच कराई जाएगी। यदि लापरवाही पाई जाती है तो कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
- **डॉ अनिल ओढ़,** सिविल सर्जन रायसेन।



सेहत पर भारी मौसम, सर्दी और जुखाम के बढ़े मरीज

जलभराव से मच्छरों-कीटों की बढ़ी संख्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

मौसम की मार और बारिश की बेरुखी से क्षेत्र में मच्छरों की तेजी से संख्या बढ़ रही है। बुखार, सर्दी, जुकाम, पेट दर्द जैसी मौसमी बीमारियों से लोग पीड़ित और परेशान बने हुए हैं। गांव में गंदगी की भरमार खेतों में पानी भरा रहने अत्यधिक नमी और निकलने वाली तेज धूप और उमस लोगों बीमार होने का कारण बन रही है।

कभी ठंड, तो कभी उमस के बने माहौल से लोगों की सेहत बिगड़ रही है। ग्रामीण क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टर ना होने से बंद की स्थिति बनी रहती है। प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मजदूर गरीब उपचार कराने सिविल अस्पताल पहुंच रहे हैं या प्राइवेट डॉक्टर से महंगा उपचार और दवाइयां खरीदने मजबूर हैं। मजदूरों का कहना है कि धान की रोपाई के दौरान जितनी मजदूरी मिली परिवारों के सदस्यों के बीमार होने पर इलाज पर खर्च हो रही है।

मच्छरों की भरमार बारिश का पानी खाली स्थान पर भरा रहने और गंदगी के कारण मच्छरों एवं कीट पतंगों के पैदा होने की कारण बन रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में हालत सबसे अधिक खराब बने हुए हैं साफ सफाई और पानी निकासी की व्यवस्था न होने से कीचड़ गंदगी का साम्राज्य फैला हुआ है। वर्षों से ग्रामीण क्षेत्र में मच्छरों को मारने दवाइयों के छिड़काव के प्रति मलेरिया विभाग स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता से ग्रामों में घर-घर बीमारी होने का कारण बन रहा है।

पीएमश्री स्कूल के सामने स्पीड ब्रेकर की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

भोपाल-विदिशा हाईवे पर स्थित दीवानगंज के शासकीय हायर सेकेंडरी पीएमश्री स्कूल के सामने रोजाना सैकड़ों मासूमों की जिंदगी दांव पर लग रही है। हाईवे पर बेधड़क दौड़ते तेज रफ्तार वाहनों के बीच स्कूल के छात्र-छात्राओं को जान जोखिम में डालकर सड़क पार करनी पड़ रही है। रहवासियों और अभिभावकों ने सड़क सुरक्षा के अभाव पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन से स्कूल के सामने तत्काल गतिरोधक (स्पीड ब्रेकर) और चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की है।

सुरक्षा इंतजामों में लापरवाही का एक नमूना मंगलवार को देखने को मिला, जब ग्राम संग्रामपुर निवासी कक्षा 10वीं के छात्र गुलशन अहिरवार पिता राजू स्कूल के सामने सड़क पार कर रहे थे। उसी दौरान एक तेज रफ्तार बाइक ने छात्र को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में गुलशन गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि बाइक सवार घटना के तुरंत बाद मौके से फरार हो गया। इस घटना के बाद से ही क्षेत्रवासियों, अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन में भारी आक्रोश है।

तहसील प्रांगण में खाली पड़ी मिली शराब की शीशियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेगमगंज

तहसील भवन एवं प्रांगण असामाजिक तत्वों से सुरक्षित नहीं रहा। शराबियों के प्रवेश से तहसील प्रांगण का वातावरण खराब हो रहा है। तहसील भवन के पीछे बदहाल पड़े पेशाबघर के आसपास बड़ी मात्रा में शराब की शीशियां एवं बीयर की बोतलें पड़ी हुई हैं। चारों ओर गंदगी की भरमार है।

तहसील परिसर में गंदगी और शराब की खाली शीशियों को देखकर लगता है कि रात्रि में यहां पर शराबियों को जमघट लगा रहता है।

वैसे भी पुराना पेशाबघर के अंदर एवं नगरपालिका द्वारा रखा गया चलित पेशाबघर के अंदर व बाहर बड़ी संख्या में शराब की खाली शीशियां पड़ी हुई है और दोनों पेशाबघर बहुत खराब एवं गन्दी स्थिति में होने से कर्मचारी एवं हितग्राही जहां फैली अत्यधिक दुर्गंध से पेशाब करने कम ही जाते हैं। फिर भी तहसील प्रांगण में बड़ी मात्रा में शराब की खाली शीशियां एवं बीयर की बोतलें मिलने से लगता है कि तहसील प्रशासन अपने भवन एवं प्रांगण की सुरक्षा करने एवं साफ -सफाई कराने में असमर्थ है।

तहसील कार्यालय, लोकसेवा केंद्र, रजिस्टर अथवा दस्तावेज लेखकों के जहां पर काम कराने आने वाले हितग्राहियों को भी कीचड़, गंदगी और जलभराव से फैली अव्यवस्था से बहुत अधिक परेशानी हो रही है।

तुलाई के इंतजार में खड़े किसानों को कांग्रेसियों ने बाटे भोजन पैकेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



किसानों से 60प्रतिशत मूंग खरीदी की घोषणा होते ही क्षेत्र के मूंग खरीदी केंद्रो, वेयरहाउस के बाहर सडक़ों के किनारो पर ट्रैक्टर ट्रालिया की लंबी-लंबी लाने लगी हुई है। अनेक किसान दो-तीन दिनों से अपनी बारी आने का बेसब्री से इंतजार और रतजगा भी कर रहे हैं।

पूर्व विधायक भगवान सिंह राजपूत के पुत्र ज्ञानेंद्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा प्रतिदिन क्षेत्र के वेयरहाउस खरीदी केंद्रों पर पहुंचकर भोजन के निशुल्क पैकेट वितरण कर किसानों की बड़ी मदद की जा रही है।

एक माह से क्षेत्र के हजारों किसान मूंग को सहेज कर अपने पास रखे हुए थे, जैसे ही 60 प्रतिशत मूंग खरीद की घोषणा हुई सहकारी संस्थाओं और वेयर हाउस पर किसानों की भारी भीड़ लग रही है।

बजरंग चौराहा पर स्टेट हाईवे-44 की बदहाल सड़क बनी खतरा

पुलिस चौकी के सामने मौत का गड्ढा, मरम्मत की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

नगर के सबसे व्यस्त मार्गों में शामिल स्टेट हाईवे -44 पर बजरंग चौराहा स्थित पुलिस चौकी के सामने सड़क के बीचों-बीच बना गहरा गड्ढा लोगों के लिए मुसीबत का कारण बन गया है। बरसात के कारण गड्ढे में पानी भर जाने से इसकी गहराई का अंदाजा तक नहीं लग पाता, जिससे हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। इसके बावजूद सड़क की मरम्मत को लेकर जिम्मेदार विभाग पूरी तरह उदासीन नजर आ रहा है।

यह मार्ग एमपीआरडीसी के अधीन है, लेकिन विभागीय अधिकारियों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। नगरवासियों का कहना है कि रोजाना अनेक वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं, फिर भी गड्ढे की मरम्मत तक नहीं कराई जा रही। हालत यह है कि दोपहिया वाहन चालक जान जोखिम में डालकर निकलने को मजबूर हैं, जबकि पैदल राहगीरों को भी भारी



परेशानी उठानी पड़ रही है।

समस्या पर नहीं किसी का ध्यान

विडंबना यह है कि इसी रास्ते से प्रतिदिन प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और जनप्रतिनिधियों के काफिले गुजरते हैं। उनके वाहन भी इस गड्ढे पर हिचकोले खाते हैं, लेकिन समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में अब तक कोई पहल नहीं हुई।

सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, दोनों के जिम्मेदार नेता इसी मार्ग का उपयोग करते हैं, लेकिन आम जनता की परेशानी किसी की प्राथमिकता नहीं बन पा रही है। स्टेट हाईवे-44 पर प्रतिदिन दोपहिया वाहनों से लेकर ट्रकों तक का भारी यातायात रहता है। यात्री बसें, ट्रक, रेत से भरे डंपर, ट्रैक्टर-ट्रालियां और अन्य भारी वाहन लगातार इस मार्ग से गुजरते हैं। ऐसे में सड़क के बीच बना यह गड्ढा कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकता है।

नागरिकों की मांग - जिम्मेदार विभाग शीघ्र कराएं मरम्मत

नगरवासियों ने एमपीआरडीसी और जिला प्रशासन से तत्काल सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते गड्ढे को नहीं भरा गया और कोई गंभीर दुर्घटना हुई, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग और अधिकारियों की होगी। सवाल यह है कि क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है, या फिर जनता की सुरक्षा केवल कागजों तक ही सीमित रह गई है।

मांगों के लिए पटवारियों ने जमा किए बस्ते, अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

तहसील में तीसरे दिन भी पटवारियों ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

तहसील के सभी हल्का पटवारी अपनी मांगों के लिए बस्ता जमा करने के साथ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। जिससे राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित हो रहे हैं तीसरे दिन भी पटवारीयों ने तहसील के सामने नीम के पेड़ के नीचे धरना दिया।

पटवारी द्वारा पांच प्रमुख मांगों के लिए अनिश्चितकालीन हड़ताल और धरना दिया जा रहा है। कैडर रिव्यू लागू कर पदोन्नति एवं समय मान वेतनमान का लाभ दिया जाए नायब तहसीलदार की शीघ्र विभागीय परीक्षा आयोजित की जाए जज प्रोटेक्शन एक्ट में पटवारीयों



को शामिल किया जाए लंबित वित्तीय भुगतान तत्काल किए जाएं पटवारी संघ के पदाधिकारी के नियम विरुद्ध स्थानांतरण निरस्त करने और कर्मचारियों के लिए परामर्श दात्रि का नियमित आयोजन किया जाए। पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल से नामांतरण बंटवारा सीमांकन फोती किसान सम्मन निधि फसल पंजीयन फार्मर रजिस्ट्री जैसे कार्य प्रभावित हो रहे हैं।